Std -VII . Hindi Lang (विशेषण)

Qn 1. विशेषण की परिभाषा लिखें।

उत्तर:- संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जैसे-मैं *छोटे घर* में रहता हूँ।

Qn. 2. विशेषण के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

उत्तर--विशेषण के चार भेद होते हैं:-

1)गुणवाचक विशेषण

2)संख्यावाचक विशेषण

3)परिमाणवाचक विशेषण

4)सार्वनामिक विशेषण

1)गुणवाचक विशेषण--जो विशेषण शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण,रंग ,रुप,आकार-प्रकार के बारे में बताए ,उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।जैसे- *काली बिल्ली* सड़क पर दौड़ रही है।

2)संख्यावाचक विशेषण--जो विशेषण शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु की संख्या बताए,उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे-मेरे पास *दो मोबाइल* हैं ।

3)परिमाणवाचक विशेषण -जो विशेषण शब्द किसी वस्तु के परिमाण (नाप-तोल)को बताए,उसे परिमाणवाचक   विशेषण कहते हैं।जैसे-उसकी कार में *दस लीटर पेट्रोल* लगता है।

4)सार्वनामिक विशेषण :-जो सर्वनाम संज्ञा के पहले आए, उसे सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।जैसे- *वह घर* मेरा है।

Qn. 3 .प्रविशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

उत्तर:- जो शब्द विशेषण या क्रियाविशेषण की विशेषता बताए,उसे प्रविशेषण कहते हैं। जैसे-वह *बड़ा चतुर* बालक है ।खरगोश *ज़्यादा तेज़* दौड़ता है।

Qn.4. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित कर उसके भेद लिखें।

1)मेरी कक्षा में *तीस छात्र* हैं।--संख्यावाचक विशेषण

2) *कुछ लोग* बस में नहीं चढ़ सके।--संख्यावाचक विशेषण

3) *वह बगीचा* मेरे मित्र का है।--सार्वनामिक विशेषण

4) *वे बालक* कब से भूखे हैं।--सार्वनामिक विशेषण

5) *बातूनी आदमी* किसे अच्छा लगता है?--गुणवाचक विशेषण

6) *बनारसी साड़ी* सभी को पसंद है।--गुणवाचक विशेषण

7)चाय में *थोड़ा दूध* डाल दो।--परिमाणवाचक विशेषण

8)इस थान से *दो मीटर कपड़ा* दे दो।--परिमाण वाचक विशेषण

9)देश में कोई *ईमानदार आदमी* ही नहीं रह गया है।--गुणवाचक विशेषण

10) *यह मिठाई* मैं लाया हूँ।--सार्वनामिक विशेषण

11)खीर में *थोड़ी चीनी* और डालो।--परिमाणवाचक विशेषण

12)बारिश की वजह से *कम छात्र* स्कूल आ पाए हैं।--संख्यावाचक विशेषण

Qn. 5. निम्नलिखित वाक्यों में उचित प्रविशेषण लगाएँ:-

1)संध्या का दृश्य सुहाना होता है।-- संध्या का दृश्य अति सुहाना होता है।

2)आगे गहरी खाई है।---आगे काफ़ी गहरी खाई है।

3) उसका नृत्य सुन्दर है।--उसका नृत्य अति सुन्दर है।

4) वह सभ्य और शालीन है।-- वह काफ़ी सभ्य और शालीन है।

5) नागपुरी संतरे अच्छे होते हैं।--नागपुरी संतरे बहुत अच्छे होते हैं।

Qn .6. इन विशेषणों के सामने विशेष्य लगाएँ :-

1)दुर्बल-----दुर्बल बच्चा

2)ज़हरीला--ज़हरीला साँप

3)राष्ट्रीय----राष्ट्रीय ध्वज

4)तेजस्वी----तेजस्वी पुरुष

5)पौराणिक --पौराणिक कथा

6)उत्साही----उत्साही बालक

7)दैनिक------दैनिक पत्रिका

8)शौकीन-----शौकीन युवती

Qn .7. इन शब्दों के विशेषण रुप लिखें।

1) स्मरण---स्मरणीय

2)स्वाद-----स्वादिष्ट

3)अंत -------अंतिम

4)ग्राम------ग्रामीण

5)रस-------रसीला

6)पत्थर-----पथरीला

7)अनुभव---अनुभवी

8)शास्त्र-----शास्त्रीय

9)पुष्प -------पुष्पित

10)आदर----आदरणीय

Qn .7. दो-दो उदाहरण द्वारा सर्वनाम और सार्वनामिक विशेषण में अंतर करें।

संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।जैसे- *यह मेरी* पुस्तक है। *वह* खा रहा है।इन वाक्यों में 'यह मेरी' तथा 'वह' सर्वनाम है। 'यह' मेरी पुस्तक की ओर इशारा कर रहा है,जो निश्चयवाचक सर्वनाम है तथा 'वह' किसी व्यक्ति के लिए आया है।"वह" पुरुषवाचक सर्वनाम है।

किन्तु जब सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले आकर उसकी विशेषता का बोध

कराते हैं तो उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं ।

सार्वनामिक विशेषण और संज्ञा के बीच कोई शब्द नहीं आ सकता । *यह पुस्तक* मेरी है। ,

वह बच्चा मिठाई खा रहा है क्योंकि इस वाक्य में 'पुस्तक 'संज्ञा है और उसके पहले 'यह' सर्वनाम आया है तथा दूसरे वाक्य में 'बच्चा' संज्ञा है ,जिसके पहले 'वह' सर्वनाम आया है।अतः ये दोनों शब्द सार्वनामिक विशेषण हैं।